
हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, गुरुवार 26 फरवरी 2026

11 प्रशिक्षण भाजपा की कार्य पद्धति का हिस्सा...



12 पहले दिन नकल रहित 12वीं की परीक्षा, आज...



**खबर संक्षेप**

### कल सुनीं जाएंगी बिजली संबंधित समस्याएं

**नारनौल।** कार्यकारी अभियंता कार्यालय दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण में शुक्रवार को प्रातः 10 से 11 बजे तक बिलिंग से संबंधित सीजीआरएफ शिकायतें सुनी जाएगी। जिसमें कोई भी आमजन प्रार्थना पत्र व बिल की कॉपी देकर बिल संबंधी पक्ष रख सकता है।

### कांटी में जिला स्तरीय किसान मेला कल

**मंडी अटेली।** उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. मनमीत यादव व खण्ड कृषि अधिकारी डॉ. रजनीश कुमार ने बताया कि 27 फरवरी को गांव कांटी में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कृषि विभाग के सभी अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र महेन्द्रगढ़ से वैज्ञानिक, बागवानी विभाग के बारे जानकारी देंगे।



### कनीना में हनुमान जी का भंडारा दो को

**कनीना।** हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में दोअप्रैल को 132 केवी पावर ग्रिड सब स्टेशन प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। निगम के जेई रामरतन शर्मा ने बताया कि इससे पूर्व एक अप्रैल रात्रि को जागरण होगा। अगले दिन दो अप्रैल सुबह सवा आठ बजे हवन होगा। इसके बाद सवा 10 बजे भंडारा प्रारंभ होगा।

### कनीना में मोलड़नाथ का मेला कल

**कनीना।** कनीना में 27 फरवरी को आयोजित होने वाले बाबा मोलड़नाथ के धार्मिक मेले की तैयारियां जारी हैं। हरियाणा राज्य परिवहन विभाग के पूर्व अधिकारी सुरेश यादव ने बताया कि मेले में अनेक भंडारे लगाए जाते हैं। वहीं उंट व घोड़ी दौड मुख्य आकर्षण होता है। सुभाष यादव व सूबेदार रणवीर सिंह ने बताया कि बाबा मोलड़नाथ की 75वीं स्मृति में फाल्गुन सुदी एकादशी को आयोजित होने वाले मेले में खेलकूद प्रतियोगिता सहित रात्रि जागरण किया जाएगा। 26 फरवरी रात्रि आठ बजे से फुटबॉल मैदान में जागरण होगा।

आठ मार्च को सैनी सभा परिसर में होंगे कॉलेजियम चुनाव

# सैनी सभा कॉलेजियम चुनाव : 108 निर्विरोध
# सहमति नहीं बनने पर 47 वार्डों में होंगे चुनाव

**त्रिवार्षिक चुनाव में पहले होंगे कॉलेजियम चुनाव, इसके बाद कॉलेजियम के वोट से चुने जाएंगे प्रधान सहित कार्यकारिणी सदस्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर की सबसे बड़ी सामाजिक संस्था सैनी सभा (रजि.) के त्रिवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया शुरू है। बुधवार को नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि थी। इस प्रक्रिया को पूरा करने के बाद अब स्थिति साफ हो गई है। सभा के 155 कॉलेजियम वार्ड में पहले ही 91 वार्ड ऐसे थे, जहां से एक-एक आवेदन ही आया था। ऐसे में इन 91 वार्ड से निर्विरोध कॉलेजियम बन गए है। इनके अलावा 64 वार्ड ऐसे थे जहां एक से अधिक यानि कुल 139 नामांकन जमा हुए थे। इन जमा नामाकंनों को विड्रा करने की बुधवार शाम पांच बजे तक अंतिम समय सीमा थी। इस तय समय सीमा के बाद यह तस्वीर सामने आई है कि 139 में से 23 नामांकन वापस हुए। इस वजह से 64 वार्ड में से 17 वार्ड में निर्विरोध कॉलेजियम ओर चुने गए है। इस तरह कुल 108 वार्ड से निर्विरोध कॉलेजियम बन गए है। अब 155 में से 108 को छोड़ दे तो बाकी 47 वार्डों पर सहमति नहीं बनने पर चुनाव होंगे। इन 47 वार्ड के उम्मीदवारों को 26 व 27 फरवरी को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। इसके बाद चुनाव आठ मार्च को सैनी सभा परिसर में करवाएं जाएंगे। इस चुनावी प्रक्रिया में चुनाव अधिकारी संदीप सैनी एडवोकेट, उप चुनाव अधिकारी सुरेंद्र सैनी व आर्ब्जवर रोशनलाल सैनी जुटे हुए है।




नारनौल। चुनाव कार्यालय में चुनावी प्रक्रिया करते चुनावी टीम। फोटो : हरिभूमि

**इन 47 वार्ड में होगा चुनाव**

*वार्ड नंबर 6, 14, 16, 23, 26, 27, 39, 41, 46, 51, 62, 63, 65, 70, 71, 72, 74, 75, 77, 79, 81, 84, 85, 87, 88, 90, 91, 92, 95, 102, 105, 108, 117, 120, 122, 123, 128, 134, 136, 137, 138, 140, 143, 152, 153, 154 और 155 है। इन वार्डों में कॉलेजियम सदस्य बनने के लिए उम्मीदवारों के बीच चुनाव होगा।*

**यह चुने गए 108 निर्विरोध कॉलेजियम सदस्य**

*चुनावी प्रक्रिया में पहले 91 ऐसे वार्ड थे जहां हर वार्ड से एक ही नामांकन किया गया। उनमें वार्ड नंबर 1 से आशीष सैनी, 3 से सुरेंद्र कुमार, 4 से नेहा, 7 से कमलसिंह, 8 से प्रवीण कुमार, 10 से दिनेश कुमार, 11 से प्रवीण सैनी, 12 से विनोद कुमार, 13 से फूलचंद, 15 से अनिल कुमार, 17 से रिंकी सैनी, 19 से विजय कुमार, 20 से मानसिंह, 22 से दलीप कुमार, 24 से कृष्ण, 28 से अजय कुमार, 29 से मनमोहन सैनी, 30 से भीमसिंह, 31 से पूजा, 32 से विशाल सैनी, 33 से सुमित, 34 से ओमप्रकाश, 35 से विकास, 36 से हरिश कुमार, 37 से ईश्वर सिंह, 38 से ज्योति, 40 से बिमला देवी, 42 से रामनिवास, 43 से तोताराम, 44 से बाबूलाल, 45 से देवेंद्र सिंह, 47 से मीना देवी, 48 से मूलचंद, 49 से संजय, 50 से शिवचरण, 52 से ओमप्रकाश, 53 से रमेश कुमार, 54 से सुबेसिंह, 56 से विक्रम, 57 से मुंशीराम, 58 से नरेश कुमार, 59 से देवेंद्र कुमार, 60 से रजनी, 61 से होशियार सिंह, 64 से यादराम, 66 से पवन, 67 से मानसिंह, 68 से महेंद्र, 69 से अमरसिंह, 73 से प्रीतम सिंह, 82 से लक्ष्मण सैनी, 83 से ललित, 86 से भगवानदास, 89 से राजकुमार, 93 से ओमप्रकाश, 94 से अशोक कुमार, 96 से घनश्याम, 97 से सुनील, 98 से मुकेश कुमार, 99 से प्रदीप कुमार, 100 से बलवंत सिंह, 103 से कमल कुमार, 104 से सुखदेव, 106 से शकुंतला, 111 से ललित सैनी, 112 से पुष्पा, 113 से श्यामलाल, 115 से हरिश सैनी, 116 से मुकेश, 118 से रामजीलाल, 119 से रामनरेश, 121 से मुकेश कुमार, 124 से विकास सैनी, 125 से निरंजन, 126 से प्रीतम, 127 से जयसिंह, 129 से मदनलाल, 132 से दुलीचंद, 133 से पूनम, 135 से धर्मेंद्र, 139 से शिव कुमार, 141 से योगेंद्र सैनी, 142 से राजकुमार, 144 से रोहताश सैनी, 145 से नवीन कुमार, 146 से दिनेश, 147 से सुखीराम, 148 से नरेश कुमार, 149 से सतीश सैनी, 150 से सुभाषचंद व 151 से अरूण कुमार शामिल है। इसके अलावा 17 वार्ड वह है जहां से नामांकन वापस लेने के बाद एक ही नामांकन बच गया। इस हिसाब से वह भी निर्विरोध कॉलेजियम सदस्य बने है। इनमें वार्ड नंबर 2 से मदनलाल, 5 से निरंजनलाल, 9 से सुमेश, 18 से बंशीलाल, 21 से पिंकी, 25 से महेंद्र, 55 से कन्हैयालाल, 76 से बलवंत सिंह, 78 से प्रवीण सैनी, 80 से सुनीता, 101 से लालचंद, 107 से रेणु, 109 से प्रेमचंद, 110 से लालचंद, 114 से निहालसिंह, 130 से मोहरसिंह और 131 से मनीष कॉलेजियम सदस्य चुने गए है।*

पुलिस की बड़ी कार्रवाई: स्कॉर्पियो चुराने वाला शातिर चोर सीआईए के हत्थे चढ़ा

# अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, आरोपित पर 67 एफआईआर

**चोरी करने के उपकरणों सहित वारदात में इस्तेमाल गाड़ी व चोरी की गाड़ी बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सीआईए टीम ने वाहन चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक शातिर व आदतन अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान भिवानी जिला के गांव बीरण वासी पवन के रूप में हुई। जिससे रिमांड के दौरान सख्त से पूछताछ की गई।

डीएसपी भारत भूषण ने प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि आरोपित एक आदतन अपराधी है और इसके खिलाफ पहले भी चोरी के कई मामले दर्ज हैं। सीआईए की टीम ने इस चोरी की वारदात को अंजाम देने में प्रयोग की गई गाड़ी को भी बरामद कर लिया है। जांच में खुलासा हुआ कि वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी साउथ रोहिणी दिल्ली से चोरी की हुई थी। इसके साथ ही पुलिस ने उस गाड़ी के अंदर से वाहन चुराने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले औजार व अन्य जरूरी उपकरण भी बरामद कर जब्त किए हैं।

आरोपित से पूछताछ में शहर क्षेत्र से चोरी की हुई स्कॉर्पियो गाड़ी भी बरामद की है। आरोपित के खिलाफ हरियाण, पंजाब व अन्य राज्यों में करीब 67 मामले दर्ज हैं। जिनमें से अधिकतर चोरी के मामले हैं। इसके अतिरिक्त तीन नम्बर प्लेट भी बरामद की हैं। इसके साथ ही गाड़ी चोरी करने में प्रयोग किए जाने वाले चाबीपाना टूल, स्कैनर टूल आई पैड, ऑन टूल्स ओबीडीआई फ्यूज डायनोस्टिक स्कैनर, डॉप्टर केबल आदि बरामद किए गए हैं। वहीं टीम ने छह एंटेना असेंबली इमोबिलाइजर व दो चाबी भी बरामद की हैं। इसके अतिरिक्त तीन गाड़ियों के पांच ईसीएम भी बरामद किए गए हैं। जिन गाड़ियों के ईसीएम बरामद किए हैं, ये गाड़ियां राजस्थान व जम्मू कश्मीर की थी। पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल से चोरी की थी स्कॉर्पियो गाड़ी**

थाना शहर में शिकायतकर्ता विकास निवासी हुडा सेक्टर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17-18 फरवरी की रात करीब 1:15 बजे उसने अपनी नई स्कॉर्पियो गाड़ी अपने घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह करीब सात बजे उठकर देखने पर गाड़ी वहां से गायब मिली, जिसे अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए थाना शहर में भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। मामले में सीआईए की टीम ने गुप्त सूचनाओं व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपित पवन को गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपित से सख्ती से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपित से दो गाड़ी व सामान बरामद कर जब्त किया है।



महेंद्रगढ़। शहर में कुत्ते पकड़ते एजेंसी कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

आवारा कुत्ते पकड़ने का अभियान शुरू

# दो दिन में एजेंसी ने पकड़े 39 आवारा कुत्ते

**पकड़े गए कुत्तों को मोहल्ला सैनीपुरा स्थित सामुदायिक केंद्र में बनाए शेल्टर होम में छोड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नगर पालिका द्वारा शहर में कुत्तों की समस्या को खत्म करने के लिए नगर पालिका की ओर से कुत्ते पकड़ने का अभियान शुरू कर दिया गया है। एजेंसी की ओर से दो दिन के अंदर 39 आवारे कुत्ते पकड़ लिए गए हैं। यह अभियान सफाई दरोगा रिंकू उर्फ सुमित की देखरेख में चलाया जा रहा हैं।

एजेंसी द्वारा कुत्तों को पकड़कर सैनीपुरा मोहल्ला स्थित सामुदायिक केंद्र के शेल्टर होम में छोड़े जा रहें हैं। यहां पर कुत्तों का टीकाकरण किया जाएगा। नगर पालिका की ओर से एजेंसी को सात लाख रुपये का टेंडर अलॉट किया गया है।

एजेंसी की ओर से 350 कुत्तों को पकड़कर शेल्टर हाउस में छोड़ा जाएगा। इनका टीकाकरण किया जाएगा। नपा चयनित एजेंसी को प्रति कुत्ते पर 1900 रुपये का भुगतान किया जाएगा।

अभियान के तहत पकड़े गए कुत्तों को निर्धारित शेल्टर होम में रखा जाएगा, जहां उनकी देखभाल, टीकाकरण और नसबंदी जैसी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करेंगी।

**कुत्तों का कराया जा रहा टीकाकरण**

यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। आवारा कुत्तों के हमलों की लगातार शिकायतों के बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया है। पकड़े गए कुत्तों का टीकाकरण (वैक्सीनेशन) कराया जा रहा है, ताकि कुत्तों के काटने से संक्रमण का खतरा न रहे। दो दिन के अंदर एजेंसी की ओर से 39 आवारा कुत्ते पकड़े जा चुके हैं। शहर वासियों को आवारा कुत्ते दिखे तो नगर पालिका को सूचित करें।

-रमेश सैनी, प्रधान नगर पालिका महेंद्रगढ़

नियामतपुर मौरूंड में जिलास्तरीय किसान मेले का समापन

# सूक्ष्म सिंचाई से पानी की बचत और पैदावार में बढ़ोतरी संभव

- कृषि की आधुनिक तकनीक से जुड़ी 20 स्टालों पर किसानों ने किया ज्ञानोवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

नियामतपुर मौरूंड में विभाग के उप कृषि निदेशक डॉ. देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन हुआ। जिसमें नांगल चौधरी के एसडीएम उमेद सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने किसानों को कम पानी में पकने वाली फसलों की बुवाई के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने पशुधन बढ़ाने पर जोर दिया, कहा कि इससे ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा और जमीन को पौषक तत्वों से युक्त देशी खाद मिल सकेगी। जिससे विभिन्न फसलों की पैदावार बढ़ाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि भूजल का अंधाधुंध दोहन होने से जल स्तर निरंतर गिर रहा है। नांगल चौधरी निजामपुर के अधिकतर गांवों में 2000 फीट तक भूजलस्त्रोत सूख गए, जिस कारण पेयजल संकट बना हुआ है। समाधान के लिए सरकार ने डॉर्कजोन घोषित कर दिया। जिसमें भूजल का व्यवसायिक इस्तेमाल नहीं कर सकते। किसानों की सुविधा के लिए सरकार सूक्ष्म सिंचाई परियोजना क्रियांवित की है, जिसके तहत गांवों में वाटर टैंकों का निर्माण स्वीकृत है।

टैंकों में बरसाती पानी एकत्रित करने के साथ नहरों से जोड़ा गया है। यहां से किसानों को फव्वारा सिस्टम से फसलों की सिंचाई करने की अनुमति है। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म सिंचाई पद्धति से जमीन की सतह सख्त नहीं होती तथा लंबे समय तक नमी बनी रहती है। पौधे की ग्रोथ तेजी से होगी तथा उत्पादन में भी अच्छे परिणाम मिल सकेंगे। पानी की बचत करने के लिए किसानों को सरसों, तोरिया, चना तथा समर मूंग व अन्य दलहन फसलों को प्राथमिकता देना जरूरी है।

खेती के साथ पशुपालन व्यवसाय ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है। दुधारू पशु, बकरी पालन और मुर्गी पालन से किसानों को सालभर नियमित आय मिलती है। गोबर और गोमूत्र से तैयार जैव उर्वरक खेत की उर्वरता बढ़ाते हैं तथा रासायनिक खर्च घटाते हैं। इससे किसानों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनने में मदद मिलेगी। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर किसानों की 50 फीसदी लागत कम हो जाएगी। जीवामृत, घनजीवामृत और बीजामृत जैसे देसी तरीकों से मिट्टी में लाभकारी सूक्ष्मजीव सक्रिय होते हैं। जिनके प्रभाव से फसलों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी। इस मौके पर बीएओ डॉ. हरीश यादव की देखरेख में बीटीएम डॉ. जसवंत सिंह ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम में एसडीएओ डॉ. मनमीत यादव, विशेषज्ञ डॉ. जयलाल, डॉ. रमेश ढिल्लो, डॉ. नरेंद्र सिंह, एडीओ डॉ. अभिषेक मौजूद रहे।



नांगल चौधरी। किसान मेले में विकसित कृषि पद्धति के स्टालों का निरीक्षण करते एसडीएम उमेद सिंह। फोटो : हरिभूमि

**नुकसान की भरपाई करेगी बीमा योजना**

*ओलावृष्टि, सूखा और बाढ़ जैसी आपदाओं से फसलों को नुकसान की संभावना रहती है। बचाव के लिए सरकार ने फसल बीमा योजना क्रियाविंत की है। इसके लिए किसानों से निर्धारित प्रीमियम वसूली के बाद सुरक्षा कवच उपलब्ध कराया जाता है। केसीसी होल्डर किसानों को बैंकों में फसल बुवाई का अंडरटेक फार्म भरकर देना होगा। जिससे आपदा की स्थिति में फसल का निर्धारित मुआवजा मिल सके।*

# एक को होगा नई कार्यकारिणी का शपथ समारोह

**महेंद्रगढ़।** डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन उपासिका प्रधान अमन देवी पत्नी सुंदर लाल जोरासिया की अध्यक्षता में भवन में हुई। बैठक में गहन विचार विमर्श कर आम सहमति से प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में एक मार्च को प्रातः 10 बजे शपथ समारोह डॉ. आंबेडकर भवन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि मुख्य वक्ता डॉ. करुणाशील राहुल धम्म भूमि संस्थापक होंगे। जिसके लिए उपप्रधान, कोषाध्यक्ष सचिव, सहसचिव सभी कार्यकारिणी सदस्यों की ड्यूटी लगाई गई। शपथ समारोह में भंडारे में आयोजन होगा।

मंच संचालन के लिए रोशनी देवी को जिम्मेदारी सौंपी गई। अतिथि के स्वागत के लिए समस्त समाज व सदस्य को जिम्मेवारी सौंपी गई।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर उपप्रधान राजवीर सिंह, सचिव रोशनलाल, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पूर्व मैनेजर, सहसचिव अर्जुनसिंह चोटीवाला, रोशनी देवी पूर्व सरपंच, थानेदार शेरसिंह चौहान, महेंद्र सिंह मांढिया, संतलाल खिंची, अनुप मालडा, अशीन गौत्तम, मा. ताराचंद, भूपसिंह ढाणी फोगाट, हरिसिंह कलोरिया, हरिसिंह बचीनी, थानेदार उमेद सिंह, हैड मास्टर बीर सिंह, मैनपाल सुरेहती पिलानिया, नरेश कुमार, अमरसिंह बेरी आदि उपस्थित रहे।

ग्रामीण क्षेत्र में 6 करोड़ 59 लाख, शहरी क्षेत्र में पूरे जिले के 21 करोड़ 79 लाख रुपये बकाया

# 17 करोड़ बकाया : संपत्ति खरीदते या बेचते समय जन स्वास्थ्य विभाग से 'नो ड्यूज' लेना हो सकता है अनिवार्य!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

अब पेयजल एवं सीवर उपभोक्ताओं को अपनी संपत्ति खरीदते या बेचते समय जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से नो ड्यूज (अनापत्ति प्रमाण पत्र) लेना अनिवार्य किया जा सकता है। इस संबंध में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, उपमंडल नंबर-1 नारनौल के उपमंडल अभियंता मुकेश शर्मा ने शहर के तहसीलदार को पत्र लिखकर अनुरोध किया है। उपमंडल अभियंता ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, मंडल नंबर-1 नारनौल के उपभोक्ताओं पर लगभग 17 करोड़ रुपये का जल एवं सीवरेज शुल्क बकाया है।



मुकेश शर्मा

उन्होंने बताया कि विभाग के संज्ञान में आया है कि कई उपभोक्ता विभाग का बकाया चुकाए बिना ही अपनी संपत्तियां बेच देते हैं, जिससे विभाग को निरंतर राजस्व हानि हो रही है तथा सरकारी वसूली लक्ष्यों को प्राप्त करने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। राजस्व की क्षति को रोकने के उद्देश्य से नगर परिषद की तर्ज पर तहसील में संपत्ति हस्तांतरण या पंजीकरण के समय जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य करने का आग्रह किया गया है, ताकि सरकारी राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की जा सके।



नारनौल। घर-घर जाकर उपभोक्ताओं से बकाया शुल्क भरवाने का काम करती विभागीय टीम। फोटो : हरिभूमि

**जनवरी माह में शहर से 20.93 लाख और ग्रामीण क्षेत्र से 2.48 लाख का मिला राजस्व**

विशेष जल संरक्षण अभियान के तहत उपभोक्ताओं के नलों पर टोंटियां भी जांची जा रही हैं। साथ ही ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों को सक्रिय कर सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि जनवरी माह से जिला महेंद्रगढ़ में चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत अब तक 3,290 शहरी उपभोक्ताओं ने 20 लाख 93 हजार 642 रुपये तथा 527 ग्रामीण उपभोक्ताओं ने 2 लाख 48 हजार 364 रुपये का राजस्व जमा करवाया है।

**घर-घर जाकर बकाया शुल्क भरवाने के लिए अपील**

जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि जनवरी माह से विभागीय टीमें ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर उपभोक्ताओं से बकाया शुल्क जमा करवाने की अपील कर रही हैं। उन्होंने जानकारी दी कि ग्रामीण क्षेत्र में 1,22,521 उपभोक्ताओं पर 6 करोड़ 59 लाख रुपये तथा शहरी क्षेत्र में पूरे जिले के 31,324 उपभोक्ताओं पर 21 करोड़ 79 लाख रुपये का बकाया है। उपभोक्ताओं को 31 मार्च तक का समय दिया गया है। इसके पश्चात बकाया बिल वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध आवश्यक विभागीय कार्रवाई की जाएगी।


डॉक्टर्स सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## केमिकल कलर्स से जब हो स्किन प्रॉब्लम



**मेरी उम्र 28 वर्ष है। पिछले साल होली में रंग-गुलाल खेलने के बाद मेरी स्किन पर दाने और रैशेज हो गए थे। कृपया कोई ऐसा उपाय बताएं, जिससे इस बार ऐसी प्रॉब्लम न हो।**

**-सौरभ, हिसार**

बाजार में तरह-तरह के केमिकल वाले रंग भी मिलते हैं। कई बार लोग इनका इस्तेमाल करते हैं। इसलिए इनके इस्तेमाल से खुद भी बचें और दूसरों को भी जागरूक करें। साथ ही रंग खेलने से पहले पूरे शरीर पर नारियल का तेल या मॉयश्चराइजर लगा लें। नारियल तेल ज्यादा बेहतर रहेगा। साथ ही केवल हर्बल कलर का इस्तेमाल करें। एक ही बार मे रंग छुड़ाने की कोशिश ना करें। कई लोग एक ही बार में पूरा रंग छुड़ाने के लिए कई बार साबुन लगाते रहते हैं। ऐसा न करें। अगर थोड़ा हल्का भी हो जाए तो अगले दिन उतर जाएगा। इस तरह त्वचा को बचाया जा सकता है।

**मेरी उम्र 23 वर्ष है। अभी से ही मेरे सिर के आधे से अधिक बाल सफेद हो गए हैं। कृपया बताएं कि इसकी क्या वजह है और इसे कैसे ठीक किया जा सकता है?**

**-विकास, दुर्ग**

आजकल यंगस्टर्स में यह समस्या काफी देखी जा रही है। सबसे पहले आप बाजार में उपलब्ध तरह-तरह के शैंपू का बदल-बदल कर इस्तेमाल करना बंद करें। साथ ही एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें, वे आपको कुछ शैंपू और साबुन बताएंगे, उनका इस्तेमाल करें और जरूरत पड़ी तो कुछ जांच कराएंगे। बगैर जांच करवाए कोई उपचार नहीं बताया जा सकता है।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। अकसर सुबह के समय मेरी आंखों के नीचे और चेहरे पर सूजन सी लगती है। कुछ देर बाद खुद ही नॉर्मल हो जाता है। यह किसी बीमारी का संकेत तो नहीं, कृपया बताएं।**

**-एक पाठक, ई-मेल से**

आंखों के नीचे सूजन आना कई बार शुगर बढ़ने के लक्षण भी होते हैं। लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं है। सबसे पहले आप डॉक्टर से संपर्क कर शुगर की जांच कराएं। अगर वह रिपोर्ट नॉर्मल निकलती है तो फिर डॉक्टर और भी जांच कराएंगे, जिससे कारण पता चलेगा और इलाज हो सकेगा।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। मुझे दिन भर मीठा खाने की क्रेविंग होती रहती है। प्लीज बताएं इससे मुझे डायबिटीज तो नहीं हो जाएगी? अपनी इस हैबिट को छोड़ने के लिए क्या उपाय करूं?**

**-कल्पेश, रायपुर**

कोई भी चीज लिमिट में खाना ठीक होता है, लेकिन जरूरत से ज्यादा खाना नुकसानदायक होगा। सबसे पहले आप दो चीजों पर गौर करें कि आपकी शुगर कितनी है और आप फिजिकल एक्टिविटीज कितनी करते हैं? क्योंकि अगर आपकी फिजिकल एक्टिविटीज कम हैं और शुगर कंट्रोल है तो भी आपको मीठा कम खाना चाहिए। मीठे में भी ऐसे आइटम खाएं, जिसमें शुगर कम हो। डीप फ्राई वाली चीजें बिल्कुल ना खाएं।

**मेरी पिता की उम्र 74 वर्ष है। उनके गॉल ब्लैडर में स्टोन है। लेकिन डॉक्टर ऑपरेशन करने से मना कर रहे हैं। इससे उनको कोई प्रॉब्लम तो नहीं होगी? कृपया बताएं हमें क्या करना चाहिए?**

**-पंकज, बिलासपुर**

देखिए, अगर डॉक्टर ही मना कर रहे हैं ऑपरेशन करने के लिए, तो कोई न कोई उसका कारण होगा। इसलिए आप रिस्क ना लें और डॉक्टर द्वारा बताई गयी सावधानी बरतते हुए ही ट्रीटमेंट कराएं।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। मैं जब भी ट्रैफिक में होता हूं तो बहुत घबराहट महसूस होती है। इस वजह से घर से कम निकलता हूं। ऐसा क्यों होता है? प्लीज इसका कोई कारगर उपचार बताएं।**

**-अवधेश, कांकेर**

सबसे पहले आप डॉक्टर से संपर्क कर अपनी सारी जांच कराएं, जिससे पता चल जाएगा कि यह किसी बीमारी के लक्षण तो नहीं हैं। अगर रिपोर्ट नॉर्मल है तो इसके बाद आप मनोचिकित्सक से संपर्क कर सकते हैं। कई लोगों को भीड़ से घबराहट होती है। वो इससे बचाव के उपाय बताएंगे। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडेय**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**


हेल्थ एडवाइस
संध्या पांडेय
चीफ डाइटिशियन
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

हाल के वर्षों में अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और गलत खान-पान के कारण वयस्कों से लेकर बच्चों में भी ओबेसिटी यानी मोटापे की समस्या बढ़ती जा रही है। असल में मोटापा कोई बीमारी नहीं है बल्कि यह एक ऐसी स्थिति है जो अनेक बीमारियों की आशंका बढ़ाती है। **वर्ल्ड ओबेसिटी डे (4 मार्च)** के अवसर पर आइए जानते हैं, मोटापे से संबंधित विभिन्न पहलुओं और इस पर नियंत्रण के बारे में।

## गुड हेल्थ के लिए है जरूरी ओबेसिटी को कंट्रोल करना





सारी दुनिया में ओबेसिटी एक बड़ी हेल्थ प्रॉब्लम के रूप में सामने आ रहा है। इसके प्रति अवेयर करने के लिए ही वर्ल्ड ओबेसिटी डे मनाया जाता है। इस बार इस दिवस की थीम है- 8 बिलियन रीजंस टू एक्ट ऑन ओबेसिटी। इस थीम का आशय है कि दुनिया की 8 अरब आबादी के लिए मोटापे के खिलाफ कार्रवाई करने के अनेक कारण हैं। हमें हर हाल में मोटापे के प्रति सचेत रहकर इसे नियंत्रित करना है।

### कैसे तय होता है मोटापा

मोटापे के आकलन की सबसे प्रमुख विधि बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) है। कमर की माप से भी मोटापे का अंदाजा लगाया जा सकता है, लेकिन मान्य और प्रचलित विधि बीएमआई ही है। बीएमआई की गणना के लिए पहले किसी व्यक्ति के वजन को किलोग्राम में मापा जाता है और फिर उसे उसकी लंबाई (मीटर वर्ग) से विभाजित किया जाता है। सामान्य यानी स्वस्थ वजन वाले व्यक्ति का बीएमआई वैल्यू 23 से कम होना चाहिए। महिलाओं में कमर का घेरा 80 सेंटीमीटर से कम और पुरुषों में 90 सेंटीमीटर से कम होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को बीएमआई के संदर्भ में अपने डॉक्टर या फिर डाइटिशियन से परामर्श लेना बेहतर रहेगा।

### हो सकती है ये समस्याएं

मोटापे से ग्रस्त लोगों में उच्च रक्त चाप (हाई ब्लड प्रेशर), हृदय की बीमारियां, डायबिटीज टाइप 2, स्ट्रोक, अर्थराइटिस, सोते समय खर्राटे भरना या स्लीप एप्निया जैसी समस्याओं के होने का जोखिम कहीं ज्यादा बढ़ जाता है। मोटापे से ग्रस्त गर्भवती महिलाओं में अत्यधिक वजन के बढ़ने से उनके गर्भस्थ शिशु को भी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसके अलावा जो लोग पहले से ही उपरोक्त बीमारियों से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने वजन नियंत्रण पर डॉक्टर से परामर्श लेकर विशेष ध्यान देना चाहिए, तभी वे उपरोक्त समस्याओं को नियंत्रित कर सकते हैं। इसके अलावा जो नवयुवक या नवयुवतियां अत्यधिक मोटापे से ग्रस्त हैं, उनके अंदर कुछ मनोवैज्ञानिक समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। जैसे वे शारीरिक रूप से हीनता ग्रंथि के शिकार हो सकते हैं। उन्हें लोगों से मिलने-जुलने में अच्छा महसूस नहीं होता। यही नहीं, मोटापा और बांझपन (इनफर्टिलिटी) के बीच एक गहरा संबंध है। अधिक वजन और मोटापा महिलाओं और पुरुषों दोनों में प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकता है।



### ओबेसिटी के प्रमुख कारण

- जो लोग नियमित रूप से व्यायाम नहीं करते या कम शारीरिक श्रम करते हैं, उनके मोटे होने की संभावना बढ़ जाती है। मोटापे के अधिकांश मामलों में एक व्यक्ति जितनी कैलोरी बर्न करता है, उससे बहुत अधिक कैलोरी ग्रहण करता है। शरीर द्वारा इस्तेमाल न की जाने वाली कैलोरी वसा के रूप में संचित हो जाती है।
- लगभग हर दिन अत्यधिक चिकनाई युक्त आहार ग्रहण करना या फिर अकसर जंक फूड्स लेना कालांतर में मोटापे से ग्रस्त कर देता है। इसके अतिरिक्त जो लोग अपने खान-पान में फलों और सब्जियों को वरीयता नहीं देते हैं, वे भी मोटापे से ग्रस्त हो सकते हैं।
- अकसर तनावग्रस्त रहना कालांतर में मोटापे का कारण बन सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि तनाव से शरीर में हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं। हार्मोंस के असंतुलन की स्थिति से भी मोटापा बढ़ सकता है।
- वंशानुगत कारण से भी मोटापा बढ़ सकता है। जैसे अगर मां-बाप अपने जीवन काल में मोटापे की समस्या से ग्रस्त हैं तो उनकी संतानों में भी मोटापा बढ़ने की आशंका काफी ज्यादा होती है।
- थायरॉइड ग्रंथि के विकार या असंतुलन से भी मोटापा बढ़ने की काफी आशंका रहती है।

### कब लें डॉक्टर से परामर्श

जिन लोगों का वजन बीएमआई के मानकों से परे जाकर बढ़ता जा रहा है या जो लोग पहले से ही मोटापे से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। डॉक्टर आपको अपनी जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन करने और स्वास्थ्यकर खान-पान के संदर्भ में समुचित जानकारी देंगे। इस संदर्भ में डॉक्टर आपसे कुछ सवाल भी पूछ सकते हैं। जैसे आप डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर अन्य किसी रोग से पीड़ित तो नहीं हैं, फिलहाल आप क्या दवाएं ले रहे हैं, शराब या धूम्रपान के तलबगार तो नहीं हैं। आप कितनी देर तक व्यायाम या शारीरिक गतिविधियों में भाग लेते हैं? इसके अलावा डॉक्टर आपकी बीएमआई भी चेक कर सकते हैं और अगर आपको कोई बीमारी है तो उससे संबंधित जांच भी करवा सकते हैं। डॉक्टर आपको डाइटिशियन के पास भी रेफर कर सकते हैं और इस संदर्भ में व्यायाम या योगासन के लिए किसी विशेषज्ञ को भी रेफर कर सकते हैं। अत्यधिक मोटापाग्रस्त होने की स्थिति में वे आपको बैरियाट्रिक सर्जन से परामर्श लेने की भी राय भी दे सकते हैं।

### मोटापे का सर्जिकल इलाज



**बैरियाट्रिक सर्जरी** एक प्रकार की सर्जरी है, जिसका उद्देश्य अत्यधिक मोटापे का इलाज करना है। यह सर्जरी विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए होती है, जिनका बीएमआई 40 या उससे अधिक होता है, या जिनका बीएमआई 35-39.9 होता है और उन्हें मोटापे से संबंधित गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं, जैसे कि डायबिटीज, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप आदि। इसके अलावा यदि किसी व्यक्ति ने आहार और व्यायाम के माध्यम से वजन घटाने की कोशिश की है, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली, तो बैरियाट्रिक सर्जरी का विकल्प दिया जा सकता है।

### मोटापा कम करने वाली दवाएं

इस संदर्भ में महत्वपूर्ण बात यह है कि मोटापा कम करने वाली दवाओं का सेवन अपने डॉक्टर से परामर्श लिए बगैर नहीं करना चाहिए। अत्यधिक मोटापा (मॉर्बिड ओबेसिटी) को नियंत्रण करने में दवाओं का एक सीमित योगदान है। ये दवाइयां डॉक्टर की निगरानी में ली जाती हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि इनके साइड इफेक्ट भी होते हैं।

### इन बातों पर दें ध्यान


- डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लेकर अपनी शारीरिक स्थिति और मेडिकल कंडीशन के अनुसार खान-पान का एक चार्ट बनवा लें और फिर उस पर अमल करें।
- मोटे अनाज या मिलेट्स वजन को नियंत्रित करने में सहायक हैं।
- अत्यधिक चिकनाईयुक्त खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- नियमित रूप से व्यायाम करें, लेकिन इस संदर्भ में याद रखें कि प्रत्येक व्यक्ति की उम्र और उसकी मेडिकल कंडीशन के अनुसार ही व्यायाम और उसका समय निर्धारित किया जाता है। इसलिए इस संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श जरूर लें।
- जीवन के प्रति सकारात्मक सोच रखें और तनाव को स्वयं पर हावी न होने दें। ऐसा इसलिए क्योंकि तनाव से भी मोटापा या वजन बढ़ सकता है। तनाव को नियंत्रित करने के लिए मेडिटेशन करें।
- खाना खाते समय टीवी या मोबाइल न देखें, इससे आप ओवरईटिंग से बचे रहेंगे, जो ओबेसिटी बढ़ाने का मुख्य कारण है।
- नमक, शुगर और प्रोसेस्ड फूड्स का कम से कम सेवन करें। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

प्रिकॉशन

यह सही है कि होली उल्लास-उमंग का पर्व है। लेकिन इसे मनाते हुए भी अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। खासतौर पर अस्थमा, हाई बीपी और डायबिटीज पेशेंट्स, अगर यहां बताए जा रहे सुझावों को अमल में लाएंगे तो उनकी तबियत नहीं बिगड़ेगी।

## होली सेलिब्रेशन में बरतें सावधानी अस्थमा-बीपी-डायबिटीज पेशेंट्स

रंगों का त्योहार होली खुशियां और उमंग लेकर आता है, लेकिन अस्थमा, हाई ब्लड प्रेशर (बीपी) और डायबिटीज के मरीजों के लिए यह त्योहार और इन दिनों का मौसम कुछ अतिरिक्त सावधानियां बरतने की मांग करता है। हल्की सी लापरवाही उनके स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है, इसलिए त्योहार का आनंद लेते हुए स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना जरूरी है।

### अस्थमा पेशेंट्स के लिए यूजफुल सजेशंस

श्वास संबंधी रोगी होली खेलते समय किन बातों का ध्यान रखें इस बारे में रीजेंसी हॉस्पिटल, गोरखपुर में कंसल्टेंट-पल्मनोलॉजी, **डॉ. आमिर नदीम** कहते हैं, 'होली पर उड़ने वाला गुलाल, धूल, धुआं और केमिकल युक्त रंग सांस के मरीजों के लिए गंभीर परेशानी पैदा कर सकते हैं। इन कणों के संपर्क में आने से सांस की नलियों में सूजन बढ़ सकती है और अस्थमा अटैक का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए अस्थमा मरीजों को कोशिश करनी चाहिए कि वे भीड़-भाड़ वाली जगहों और तेज धूल-धुएं से दूर रहें। होली खेलने के लिए केमिकल वाले गहरे रंगों की जगह फूलों से बने या हर्बल रंगों का इस्तेमाल ज्यादा सुरक्षित विकल्प है। घर से बाहर निकलते समय अच्छी क्वालिटी का मास्क जरूर पहनें, ताकि धूल और रंग सीधे श्वास नली में न जाएं। अपना रेस्क्यू इनहेलर और नियमित दवाएं हमेशा साथ रखें और दवा समय पर लेते रहें। जिन लोगों को परागकणों (पोलेन ग्रेंस) से एलर्जी है, वे खुले पार्क या बगीचों में खेलने से बचें। होली खेलने के बाद तुरंत स्नान कर लें और कपड़े बदल लें, ताकि त्वचा और बालों पर जमे कण सांस के जरिए अंदर न जाएं। अगर सांस फूलना, सीने में जकड़न, सीटी जैसी आवाज के साथ सांस आना या तेज खांसी की समस्या बढ़े तो इसे नजरअंदाज न करें और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।'

### बीपी पेशेंट्स बरतें ये सावधानियां

होली जैसे पर्व को सेलिब्रेट करते समय बीपी पेशेंट्स को भी सावधानी बरतनी चाहिए। इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली के सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. संचयन रॉय** सलाह देते हैं, 'होली के दौरान खान-पान और उत्साह बढ़ने से हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है। ज्यादा नमकीन, तला-भुना और मसालेदार भोजन ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकता है, इसलिए हल्का और संतुलित आहार लें और नमक का सेवन सीमित रखें। तेज डीजे और अत्यधिक शोर भी तनाव बढ़ाकर बीपी पर असर डाल सकता है, इसलिए शांत माहौल में रहें। अपनी नियमित दवाएं समय पर लें और पर्याप्त पानी पिएं, क्योंकि डिहाइड्रेशन से भी बीपी असंतुलित हो सकता है। कोशिश करें कि पर्याप्त नींद लें और अत्यधिक थकान से बचें। दिन में एक बार बीपी मॉनिटर कर लेना भी फायदेमंद रहता है। अगर चक्कर, तेज सिरदर्द, घबराहट या धुंधला दिखने जैसे लक्षण महसूस हों तो तुरंत आराम करें और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से सलाह लें।'



### डायबिटीज पेशेंट्स रखें इन बातों का ध्यान

होली के मौके पर डाइट में लापरवाही बरतने से डायबिटिक पेशेंट्स की तबियत बिगड़ सकती है। इससे बचाव के लिए श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली के सीनियर कंसल्टेंट-एंडोक्राइनोलॉजी, **डॉ. साकेत कांत** सजेस्ट करते हैं, 'होली पर गुझिया, मिठाई और ठंडाई का काफी लोग सेवन करते हैं। लेकिन डायबिटीज मरीजों को मीठे का सेवन बहुत सीमित मात्रा में और सोच-समझकर करना चाहिए। कोशिश करें कि खाली पेट मीठा न खाएं और पहले सलाद, दाल या प्रोटीन युक्त हल्का भोजन लें, ताकि शुगर अचानक न बढ़े। दिन में नियमित रूप से ब्लड शुगर लेवल की जांच करते रहें और डॉक्टर द्वारा बताई गई दवा या इंसुलिन समय पर लें। ज्यादा देर धूप में रहने, भाग-दौड़ या अनियमित खान-पान से भी शुगर लेवल ऊपर-नीचे हो सकता है। इसलिए समय पर भोजन करें और लंबा गैप न रखें। शरीर को हाइड्रेट रखना भी जरूरी है, क्योंकि डिहाइड्रेशन से शुगर असंतुलित हो सकती है। पर्याप्त पानी, छाछ या बिना शक्कर वाले पेय ही लें। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

### इन बातों पर भी करें अमल


होली के दौरान कुछ सामान्य सावधानियां बरतना सभी के लिए जरूरी है, इससे आप हेल्थ प्रॉब्लम्स से बचे रहेंगे।

- हमेशा हर्बल और स्किन-फ्रेंडली रंगों का ही उपयोग करें।
- शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए पर्याप्त पानी और तरल पदार्थ लेते रहें।
- भीड़-भाड़, धूल और धुएं वाली जगहों से दूरी बनाए रखें तथा किसी भी असामान्य लक्षण जैसे सांस लेने में दिक्कत, चक्कर, घबराहट या शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव को नजरअंदाज न करें।

अवेयरनेस
डॉ. माजिद अलीम

आमतौर पर हम लोग जिन रोगों के बारे में जानते हैं, उनके अलावा भी हजारों रोग ऐसे हैं, जिन्हें दुर्लभ माना जाता है। दुनिया भर में करोड़ों लोग इनसे ग्रसित हैं। इनके बारे में सभी को पता होना चाहिए।

## दुर्लभ रोग सजगता के साथ संवेदनशीलता भी है जरूरी



हर साल 28 फरवरी को और लीप ईयर में 29 फरवरी को दुनिया भर में दुर्लभ रोग दिवस मनाया जाता है। यह तारीख साल की सबसे दुर्लभ तारीख का प्रतीक है ताकि ये याद दिलाया जा सके कि कुछ बीमारियां इतनी कम दिखती हैं कि वे समाज, चिकित्सा व्यवस्था और नीति निर्माताओं की नजर से भी ओझल रह जाती हैं। दरअसल, दुर्लभ रोग उन रोगों को कहते हैं, जो दुनिया के बहुत कम लोगों को होते हैं। लेकिन जिनका असर जीवन पर बेहद गहरा और अकसर आजीवन होता है। विडंबना यह है कि संख्या में कम होने के बावजूद दुर्लभ रोगों से पीड़ित लोगों की सामूहिक संख्या दुनिया भर में करोड़ों में है। शायद इसीलिए हर साल 28 या 29 फरवरी को यह महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है ताकि लोग दुर्लभ कही जाने वाली बीमारियों को लेकर सजग रहें।

**ऐसे होते हैं दुर्लभ रोगः** भारत में आमतौर पर दुर्लभ रोग उन्हें माना जाता है, जो दस हजार में से किसी एक व्यक्ति को या उससे भी कम लोगों को होते हैं। लेकिन ये रोग भले कम लोगों को होते हों, मगर इन रोगों की कम संख्या नहीं है। अब तक दुनिया में 7 हजार से ज्यादा ऐसे रोग चिन्हित किए जा चुके हैं, जिन्हें दुर्लभ रोग कहा जा सकता है। जैसे- प्रोजेरिया, फेनकोनी एनीमिया आदि। इनमें से अधिकांश रोग आनुवांशिक या जेनेटिक होते हैं यानी ये जन्म से जुड़े होते हैं। इन रोगों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि इनके लक्षण जो सामान्य बीमारियों जैसे ही दिखते हैं, लेकिन ये सामान्य बीमारियां नहीं होती हैं। यही कारण है कि इनके निदान में वर्षों लग जाते हैं और हां, इनका इलाज भी बहुत महंगा होता है या कोई इलाज ही नहीं उपलब्ध होता है।

**पूरा जीवन होता है प्रभावितः** दुर्लभ रोग किसी एक अंग या समस्या तक सीमित नहीं होते हैं। वे व्यक्ति की पूरी जीवन यात्रा को प्रभावित करते हैं। शिक्षा, रोजगार, विवाह, सामाजिक स्थिति और स्वीकार्यता जैसे सभी सामाजिक पहलुओं पर इस दुर्लभ रोग का बहुत जबर्दस्त प्रभाव पड़ता है।

**स्वास्थ्य सजगता का महत्वः** दुर्लभ रोग दिवस मनाने का सबसे बड़ा उद्देश्य, लोगों को इनके बारे में जागरूक करना है। डॉक्टरों में, समाज में और सरकारों में, दुर्लभ रोगों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना है। जागरूकता बढ़ने से सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि डॉक्टर शुरुआती लक्षणों को गंभीरता से लेते हैं और इसके निदान में लगने वाले वर्षों को कम करके महीनों में बदल देते हैं। लेकिन ऐसा तब होता है, जब सरकारें दवाओं, रिसर्च और सहायता योजनाओं के बजट तय करती हैं और लोगों को इनकी दहशत से मुक्ति दिलाती हैं। यह दिवस बताता है कि स्वास्थ्य की गंभीर समस्याओं के लिए हेल्थ एक्सपर्ट्स चिंतित हैं और पीड़ित लोगों के साथ हैं। इसलिए दुर्लभ रोगों के संबंध में बीमार को समय रहते जानकारी मिलना जरूरी है कि वह आखिर किस रोग से पीड़ित है और क्या यह उसकी पिछली पीढ़ियों से चला आ रहा रोग है? अगर ऐसा होता है तो कोशिश की जाती है कि आने वाली पीढ़ियां इन विशेष रोगों से पीड़ित न हों।

**अपने देश में भी है बड़ी चुनौतीः** यूं तो पूरी दुनिया के लिए दुर्लभ रोग एक गंभीर समस्या हैं, लेकिन भारत के लिए भी यह विकट चुनौती हैं। अनुमान है कि देश में 7 से 9 करोड़ तक लोग किसी न किसी दुर्लभ रोग से पीड़ित हैं। विशेषकर ऐसे रोगों से पीड़ित लोगों के लिए सबसे बड़ी समस्या ग्रामीण क्षेत्र में होती है, जहां विशेषज्ञों की भारी कमी होती है और जांच सुविधाएं बहुत सीमित होती हैं। अधिकांश इलाज आम आदमी की सीमा से बाहर होता है यानी इलाज में खर्च आने वाला बजट आम आदमी के बस में नहीं होता। इसलिए हाल के वर्षों में सरकार ने राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति बनाई है। लेकिन यह बात भी सही है कि इस दिशा में पर्याप्त कदम उठाने के लिए अभी काफी प्रयासों और संसाधनों की जरूरत है।

**दुर्लभ रोगों में समाज की भूमिकाः** दुर्लभ रोग दिवस हमें सोचने पर मजबूर करता है कि सभी तरह की बीमारियों से छुटकारा पाना केवल अस्पताल के जरिए संभव नहीं है। सामाजिक जागरूकता भी जरूरी है। *

## खबर संक्षेप

### वीरेंद्र शास्त्री ने जीता राज्य स्तर पर रजत पदक

**नारनौल।** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय बसीरपुर में कार्यरत संस्कृत अध्यापक एवं संस्कृत अध्यापक संघ के जिला प्रधान पहलवान वीरेंद्र कुमार शास्त्री ने हिसार में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा कुश्ती प्रतियोगिता में राज्य स्तर द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर रजत पदक से सम्मानित किया गया। रजत पदक जीतने पर स्कूल के वरिष्ठ गणित अध्यापक महात्मा सुशील देव, संगीता यादव, रामस्वरूप डीपीई, सुनील बाबूजी, विक्रांत, प्रियंका, नवीन आदि ने बधाई दी।

### पूजा यादव ने हासिल की ऑल इंडिया 97वीं रैंक



**नारनौल।** गांव फैजाबाद की बेटी पूजा यादव ने सीएसआई नेट लाइफ साइंस परीक्षा में ऑल इंडिया 97वीं रैंक हासिल कर न केवल अपने माता-पिता, बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। पूजा यादव ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में 99.4584676 परसेंटाइल व 117 अंक प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव फैजाबाद व पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

### अंकिता यादव का राजस्थान ग्रामीण बैंक में ऑफिसर पद पर चयन



**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय की छात्रा अंकिता यादव पुत्री हवासिंह सिहमा का राजस्थान के ग्रामीण बैंक में प्रोबेशनरी ऑफिसर पद पर चयन होने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राजवीर सिंह व स्टाफ सदस्यों ने अंकिता को बधाई दी। राजकीय महाविद्यालय में सुपरिडेंटेंट पद पर कार्यरत अंकिता के मामा मंजीत सिंह ने बताया कि अंकिता जन्म से ही अपने ननिहाल गांव सिहमा में रहकर पढ़ाई करती रही है और अंकिता के नाना विजय सिंह यादव व मामा विकास यादव ने बताया कि अंकिता बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल रही हैं। महाविद्यालय के लाइब्रेरियन सतीश ने बताया कि अंकिता की किताबों के प्रति हमेशा लगाव रहा। अंकिता की सफलता से महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों सहित पूरे गांव व परिवार में खुशी का माहौल है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत कार्यशाला

# प्रशिक्षण भाजपा की कार्य पद्धति का हिस्सा, कार्य में आती दक्षता: बड़ौली

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को किया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत बुधवार को प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने मुख्य वक्ता कार्यशाला को संबोधित किया। प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख शैलेंद्र पांडे ने पंच परिवर्तन व जिला प्रभारी शंकर धूपड ने नवाचार विषय पर अपने विचार रखे। कार्यशाला में संगठन की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने, जनसंपर्क को सुदृढ़ करने तथा जमीनी स्तर पर सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से संवाद हुआ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय व एकात्म मानववाद का सिद्धांत भारतीय जनता पार्टी की कार्य संस्कृति और वैचारिक नींव के प्रमुख स्तंभ हैं।

ये विचार भारतीय संस्कृति पर आधारित, समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के विकास और समतामूलक समाज के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। बड़ौली ने कहा कि प्रशिक्षण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ता निर्माण की सतत और प्रभावी प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से परिपक्व, संगठनात्मक रूप से सक्षम व सामाजिक रूप से जागरूक बनाती है।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ता संगठनात्मक विषयों पर अपडेट रहते हैं। पार्टी का लक्ष्य मंडल स्तर तक समर्पित और प्रशिक्षित कार्यकर्ता तैयार कर संगठन की जड़ों को और अधिक मजबूत करना है।



नारनौल। कार्यशाला को संबोधित करते मोहनलाल बड़ौली। फोटो: हरिभूमि

### राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना के साथ कार्य करें

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख शैलेंद्र पांडे ने पंच परिवर्तन विषय पर बोलते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता समाज में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बनें और राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना के साथ कार्य करें। पांडे ने कार्यशाला में पंच परिवर्तनों को सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी भाव से आत्मनिर्भर भारत और पर्यावरण संरक्षण के रूप में रेखांकित किया, जो संगठनात्मक कार्यों का प्रमुख आधार हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने भी संबोधित किया। जिला प्रभारी शंकर धूपड ने कहा कि प्रशिक्षण से संगठन और अधिक सुदृढ़ होगा तथा राष्ट्र निर्माण के संकल्प को नई ऊर्जा मिलेगी। जिला अध्यक्ष डॉ. यतेन्द्र राव ने कहा कि प्रशिक्षण महाभियान का उद्देश्य व्यक्ति को सक्षम बनाना, संगठन को मजबूत करना व राष्ट्र को सशक्त बनाना है।

### यह रहे मौजूद

कार्यशाला में विशेष रूप से प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, पूर्व विधायक डॉ. अभय सिंह यादव व सीताराम यादव, नगर परिषद अध्यक्ष कमलेश सैनी, जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष भारती सैनी, मार्केट कमेटी अध्यक्ष बाबूलाल यादव, अजीत कलवाडी, प्रदेश पैनलिस्ट राकेश शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, विद्यानंद लंबा, जिला उपाध्यक्ष महिपाल यादव, वासुदेव यादव, पूरन चंद गोठड़ी, जोगिंद्र सिंह राजपूत, शिवरतन यादव, महामंत्री योगेश शास्त्री, किशनलाल बोहरा, मंत्री अर्चना ठाकुर, संदीप मालडा, रविदत्त सरपंच, जिला मीडिया प्रमुख विकास अग्रवाल, सोशल मीडिया प्रमुख भवानी शंकर, प्रवक्ता सरला यादव, कार्यालय मंत्री संजय अमन, मंडल अध्यक्ष हेमंत चौबे, हुडीना मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, भूषण मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, जेपी सैनी, मंजीत यादव, सुशील चौटाला, एडवोकेट राकेश यादव, बाबूलाल मुंडियाखेड़ा, सरोज बाला, नरेंद्र झिमरिया, जगदीश पासी, रोशनलाल, रमेश जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

# सूरज कॉलेज की छात्रा जूही विश्वविद्यालय में रही प्रथम



सारिका



दीक्षा



जूही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर रेवाड़ी द्वारा बीकॉम के पांचवें सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। जिसमें बीकॉम पांचवें सेमेस्टर की छात्रा जूही पुत्री चंद्रप्रकाश गांव झगडोली ने 79.83 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी कोर्स की छात्रा सारिका पुत्री अनिल कुमार गांव भगडाना ने 72.67 प्रतिशत अंक के साथ कॉलेज में द्वितीय स्थान एंव दीक्षा शर्मा पुत्री संजय शर्मा ग्राम मुडिया खेडा 61.0 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### कठोर परिश्रम

कॉलेज के अधिकांश विद्यार्थी प्रथम श्रेणी के साथ उत्तीर्ण होने में सफल रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुधाकर गुप्ता ने बताया कि कॉलेज का श्रेष्ठ परिणाम विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने भी परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

## राहुल ने जेईई मेन में पास की परीक्षा



**महेंद्रगढ़।** डुलाना चितलांग रोड स्थित एसपीजी आईएएस ग्रुप ऑफ स्कूल के छात्र राहुल ने जेईई मेन में 99.01 अंक प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। छात्र राहुल ने इसका श्रेय अपने गुरुजनों व माता-पिता को दिया है। चेयरमैन डॉ. विरेंद्र राव ने कहा कि आज छात्र व अध्यापकों के बीच बने सामंजस्य के परिणाम स्वरुप कड़ी मेहनत रंग लाई है। उन्होंने बताया कि इस अप्रत्याशित परिणाम से विद्यालय के छात्रों के साथ-साथ क्षेत्र के सभी विद्यार्थी प्रेरणा लेकर सफलता के सोपान पर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने इस शानदार सफलता पर विद्यार्थियों के साथ-साथ क्षेत्र वासियों को भी बधाई दी। बच्चों में जितनी प्रतियोगिता की भावना होगी, उतने ही ऊंचे शिखर पर जाएंगे। विद्यालय के अध्यापकों ने चयनित बच्चे को बधाई दी और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# आरपीएस डिग्री कॉलेज में हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस डिग्री कॉलेज में एक दिवसीय विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला कॉलेज के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित की गई। कॉलेज के पीजी ब्लॉक स्थित लेक्चर हॉल-4 में शुरू हुई।

इस महत्वपूर्ण कार्यशाला का मुख्य विषय अवेयरनेस अबाउट करियर अपॉर्चुनिटीज बियॉन्ड बाउंड्रीज था। इस दौरान विद्यार्थियों और विशेषज्ञों के बीच इस बात पर विस्तार से चर्चा की गई कि पारंपरिक क्षेत्रों से हटकर आज के समय में देश-विदेश में विज्ञान और अन्य क्षेत्रों में करियर की क्या-क्या नई संभावनाएं मौजूद हैं। कार्यशाला संयोजक डॉ. मनोज कुमार यादव और सह-संयोजक देवेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। डॉ. मनोज कुमार यादव ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में छात्रों को केवल एक सीमित दायरे में न सोचकर, अपनी सीमाओं से परे जाकर वैश्विक स्तर पर मौजूद करियर के असीमित अवसरों को पहचानने और भुनाने की आवश्यकता है।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### छात्रों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं कार्यक्रम

आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव और सीईओ मनीष राव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। कुलसचिव डॉ. देवेंद्र यादव, निदेशक डॉ. महेश यादव, प्राचार्य डॉ. देवेन्द्र सिंह कादियान और अधिष्ठाता डॉ. हेमंत कुमार ने भी उपस्थित होकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य डॉ. देवेन्द्र सिंह कादियान ने कहा कि हमारा संस्थान हमेशा से छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। प्राणीशास्त्र सहित विज्ञान के विविध क्षेत्रों में आज जो नए और उभरते हुए करियर विकल्प हैं, उनके बारे में छात्रों को सही समय पर जागरूक करना इस कार्यशाला का मुख्य लक्ष्य है।

# बीकेएन में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज में नाची टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव के लिए कंपनी की ओर से एचआर हेड नवीन कुमार व उनकी सहयोगी वंदना विद्यार्थियों की भर्ती के उद्देश्य से कॉलेज पहुंचीं। प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान विद्यार्थियों की चयन प्रक्रिया के अंतर्गत टेस्ट व साक्षात्कार दोनों आयोजित किए गए। पहले चरण में विद्यार्थियों का टेस्ट लिया गया, जिसके माध्यम से उनके तकनीकी ज्ञान व विषय संबंधी समझ का मूल्यांकन किया गया। इसके बाद सफल विद्यार्थियों के साक्षात्कार आयोजित किए गए।



नारनौल। साक्षात्कार में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि


### कैंपस ड्राइव उद्योग जगत से जोड़ने का सशक्त माध्यम

कॉलेज के प्रधानाचार्य इंजीनियर अनिल यादव ने कहा कि इस प्रकार के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव विद्यार्थियों को उद्योग जगत से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं और उनके करियर को नई दिशा देते हैं। वहीं ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर अनिल कुमार यादव ने कहा कि कॉलेज का प्रयास रहता है कि अधिक से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां कैंपस में आए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार के अवसर मिल सकें। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के सफल आयोजन में कॉलेज के असिस्टेंट ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर शिवम गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# समाजसेवी बाबा मंगलदास को राष्ट्र गौरव अवार्ड से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

गांव धनौन्दा में ऐतिहासिक बिहाली गांव के मंदिर के गद्दीनशीन महन्त, प्रसिद्ध गो भक्त व समाजसेवी बाबा मंगलदास को राष्ट्र गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनके सम्मान में आयोजित अभिनंदन समारोह में प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमो अतरलाल एडवोकेट ने श्रद्धालुओं के साथ बाबा मंगलदास को केसरिया साफा पहनाकर, शॉलए प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मुकेश तंवर ने की। अतरलाल ने कहा कि बाबा मंगलदास का व्यक्तित्व प्रेरणा स्त्रोत है। साधु संत, महन्त, बाबा और महापुरुष प्रकाश स्तंभ होते हैं। हमें उनका आदर सम्मान करना चाहिए। इससे समाज को साधु संतों का आर्शीवाद मिलता है और समाज खुशहाल बनता है। महन्त मंगलदास ने सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए ग्रामीणों का धन्यवाद करते हुए लोगों से गोसेवा करने का संकल्प लेने की अपील की। इससे पहले उन्होंने बिहाली मंदिर के सातवें ब्रहमलीन मंहत लालदास महाराज के वंशज ठाकुर पृथीसिंह के पुत्र के विवाह समारोह में भाग लेकर परिवार को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर राजेन्द्र नम्बरदार, डॉ. मुकेश, पृथीसिंह, किशनपाल तंवर, सूबेदार प्रताप सिंह, बिजेन्द्र ठेकेदार, मीरसिंह वैद्य, दीपक शर्मा, चन्द्रपाल, टींकू, महेन्द्र, राजेन्द्र, ईश्वर सिंह, मदन तंवर, गायत्री, रेशम, ओमवती, सोमवती, राजवती, अंजू, कोमल आदि श्रद्धालुगण उपस्थित थे।



नारनौल। महन्त मंगलदास को सम्मानित करते नेताजी अतरलाल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# अक्षिता ने 27वीं व प्राची ने 38वीं रैंक हासिल कर रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शिक्षा के क्षेत्र में हरियाणा की बेटियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। शहर के मोहल्ला कानौडिया की दो चचेरी बहनों अक्षिता सोनी व प्राची सोनी ने संयुक्त सीएसआईआर यूजीसी नेट (लाइफ साइंसे) परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक हासिल कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम राष्ट्रीय पटल पर रोशन किया है। जिसमें अक्षिता सोनी पुत्री कुसुम व संजय सोनी ने 152.50 अंक प्राप्त कर देशभर में 27वीं रैंक हासिल की। प्राची सोनी पुत्री आशा देवी व सुजीत सोनी ने 146.50 अंक पाकर ऑल इंडिया 38वीं रैंक पर कब्जा जमाया। इस दोहरी सफलता का श्रेय बेटियों ने अपने परिवार के संस्कारों व संयुक्त सहयोग को दिया। बेटियों की सफलता की नींव दादा रतनलाल सोनी के संस्कारों व उनके भाई पुरुषोत्तम दास सोनी के मार्गदर्शन से रखी गई। छात्राओं ने विशेष रूप से डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. मोना, डॉ. अतुल कुमार बंसल व नीलम सोनी के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।





चचेरी बहनें

### उदिति गर्ग ने 23वां स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया



**महेंद्रगढ़।** शहर के मेन बाजार की दीनदयाल वकील वाली गली निवासी महेश गुप्ता की दोहती उदिति गर्ग ने यूजीसी नेट परीक्षा के लाइफ साइंस विषय में देशभर में 23वां रैंक हासिल कर जिला महेंद्रगढ़ का नाम रोशन किया है। उदिति ने महेंद्रगढ़ में रहकर यह सफलता अर्जित की है। उदिति गर्ग ने लाइफ साइंस विषय से हाल ही में आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना से एमएससी की थी और फिर जूनियर रिसर्च फैलोशिप की परीक्षा दी थी। अपने पहले ही प्रयास में उदिति ने जेआरएफ में लाइफ साइंस विषय में 99.92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उनकी इस उपलब्धि से उदिति की सफलता से उनके परिवारजनों, क्षेत्र एवं अग्रवाल समाज में खुशी की लहर व्याप्त है।

## अरावली स्कूल के जयंत ने रचा इतिहास



**महेंद्रगढ़।** अरावली स्कूल ने जेईई मेंस में अपने शानदार प्रदर्शन से एकबार फिर यह सिद्ध कर दिया कि मेहनत का परिणाम हमेशा मीठा ही होता है। हाल ही में 2026 के जेइई मेंस में अरावली स्कूल के छात्र जयंत पुत्र दिनेश ने 99.193 परसेंटाइल के साथ शानदार परिणाम दिया। अरावली इन्टरनेशनल ग्रुप ऑफ स्कूल का भव्य उद्घाटन समारोह हुआ। अरावली शिक्षा समिति ने अपने शिक्षा क्षेत्र में मिसाल कायम करते हुए नांगल सिरोही में एक और नए स्कूल भवन का भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन किया। संस्थान चेयरमैन अशोक कुमार यादव ने बताया कि नांगल सिरोही व आसपास के सभी गांव के विद्यार्थियों व अभिभावकों की इच्छाओं को ध्यान में रखकर बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए इस विद्यालय का निर्माण किया है। पल्ह स्कूल ब्रान्च प्रधानाचार्य रविना यादव व डायरेक्टर ने बताया कि उद्घाटन महाराज प्रताप गिरी व चेयरमैन अशोक कुमार के पिता सुभाष चंद ने किया। इस अवसर पर सीईओ महेश कुमार व एमडी रेखा यादव ने धन्यवाद दिया और आने वाले समय में लोगों के विश्वास को बनाए रखने का वादा किया।

**NOTICE**

I, Harpreet Kaur Wife of Late Sh. Krishan Kumar R/o Village Jhook Tehsil & Distt. Mahendragarh Haryana-123029 declare that I have changed the name of my minor daughter Ku. Dakshyani aged 15 years and she shall hereafter be known as Dakshayani. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.



नारनौल। विद्यार्थियों को संबोधित करते जगराम आर्य। फोटो: हरिभूमि

## यदुवंशी में हुआ आयुर्वेद संस्कृति कार्यक्रम

**नारनौल।** यदुवंशी स्कूल में आयुर्वेद एवं भारतीय संस्कृति विषय पर आधारित भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य नरेश यादव ने की। निदेशक सुरेश यादव विशेष रूप से उपस्थित रही। मुख्य वक्ता वैदिक शिक्षा विशेषज्ञ जगराम आर्य ने वेदों के महत्व, भारतीय ज्ञान परंपरा व जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वेद केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि विज्ञान, सत्य और जीवन दर्शन का महान स्रोत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी प्राचीन संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने का संदेश दिया। संस्कृति शिक्षिका ममता देवी ने अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ व विद्यालय परिवार ने भारतीय संस्कृति तथा आयुर्वेद परंपरा के संरक्षण का संकल्प लिया।

## राजकीय कॉलेज में साक्षात्कार कौशल व युवा नेतृत्व पर सेमिनार

# साक्षात्कार कौशल से ही खुलते हैं सफलता के द्वार: प्रो. समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल एवं यूथ रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वाधान में साक्षात्कार कौशल एवं युवा नेतृत्व विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी की यूथ रेडक्रॉस कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर समृद्धि एवं महाविद्यालय कार्यकारी प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह द्वारा किया गया। महाविद्यालय आगमन पर मुख्यातिथि प्रो. समृद्धि का स्वागत प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह, यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. पविता यादव, प्लेसमेंट सेल प्रभारी सहायक प्रोफेसर अलका तथा महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को साक्षात्कार की प्रक्रिया, उसकी प्रभावी तैयारी, सफलता के आवश्यक कौशल तथा युवा नेतृत्व की भूमिका के प्रति जागरूक करना रहा ताकि विद्यार्थी अपने करियर निर्माण की दिशा में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### कार्यक्रमों से लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया

प्रो. समृद्धि ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अत्यंत प्रभावशाली एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि उचित तैयारी, आत्मविश्वास, प्रभावी संप्रेषण कौशल तथा सकारात्मक दृष्टिकोण के माध्यम से जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने साक्षात्कार से पूर्व की तैयारी, साक्षात्कार के दौरान अपनाए जाने वाले व्यवहार, व्यक्तित्व प्रस्तुति तथा साक्षात्कार के पश्चात की औपचारिकताओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक शैली में साक्षात्कार में पूछे जाने वाले सामान्य एवं महत्वपूर्ण प्रश्नों पर चर्चा की गई तथा सफल साक्षात्कार के व्यावहारिक सूत्र साझा किए गए। उनके मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को रोजगार एवं व्यक्तित्व विकास की दिशा में स्पष्ट दिशा-निर्देश प्राप्त हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह ने कहा कि इस प्रकार के सेमिनार विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों से अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. अश्वनी द्वारा किया गया, जिन्होंने मुख्य अतिथि प्रो. समृद्धि का संक्षिप्त जीवन परिचय भी प्रस्तुत किया।

**नीलामी सूचना**

शहीद मानसिंह रा.व.मा.वि. खेड़ी (काँटी) 3955 खण्ड अटेली महेन्द्रगढ़ के जर्जर स्कूल भवन के 13 कमरों के सामान की खुली बोली द्वारा नीलामी शुक्रवार दिनांक 06.03.2026 को प्रातः 10 बजे स्कूल प्रांगण में की जाएगी। प्रत्येक बोली दाता को धरोहर के रूप में 30000 /- रुपए नीलामी के दिन विद्यालय मुखिया के पास जमा करवाने होंगे। नीलामी से सम्बन्धित अन्य शर्तें मौके पर बताई जाएंगीं। स्कूल-कमेटी का फैसला अन्तिम होगा।

प्राचार्य एवं एसएमसी शहीद मानसिंह रा व मा०वि० खेड़ी (कांटी)
Mail Id. ghskherikanti@gmail.com
सम्पर्क सूत्र - 8168044758

## खबर संक्षेप

### स्टेट हाईवे पर बने गड्ढे दे रहे हादसों को आमंत्रण

**कनीना।** कनीना महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे 24 में बने गड्ढों से हादसों की संभावना बनी हुई थी। सड़क टूटने से खासकर दुपहिया चालक बेहद परेशान हैं। कनीना में अटेली सड़क मार्ग पर रेवाड़ी सादुलपुर रेलवे लाइन पर बनाए जा रहे आरओबी के कारण दर्जनभर गांवों के ग्रामीण व हलके तथा भारी वाहन दाएं बाएं से गुजर रहे हैं। इसके अलावा कनीना महेंद्रगढ़ सड़क मार्ग एनएच 152 डी से गुजरने वाले वाहन चालक भी यहां से आवागमन करते हैं। जिससे सड़क पर यातायात का दबाव बढ़ गया है। कनीना में बाईपास की मांग होने लगी है। इसी प्रकार दौंगड़ा अहीर से अटेली व महेंद्रगढ़ मार्ग जर्जर हो चुका है।

# महेंद्रगढ़ व नारनौल शहर में एंट्री मार्ग हो फोरलेन सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने सीएम से मांगा बजट

*125 करोड़ की मांग, विभाग ने सांसद के आदेशानुसार भेजा एस्टीमेट*


- बढ़ती दुर्घटनाओं में आएगी कमी शहर को मिलेगी जाम से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

महेंद्रगढ़ एवं नारनौल शहर में प्रवेश करने वाले सभी प्रमुख मार्गों को शहरी क्षेत्र में फोरलेन करने के योजना पर काम शुरू हो गया है। गत वर्ष 11 दिसंबर को दिल्ली के हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक में ये मांग सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने रखी थी। उस वक्त सांसद ने कहा था कि दोनों ही शहरों के आसपास तो राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण हो गया है, परंतु शहर में प्रवेश करने वाली प्रमुख सड़कें संकरी होने की वजह से शहर में पहुंचने में बहुत समय लगता है। ऐसे में सभी प्रमुख सड़कों को फोरलेन किए जाने की आवश्यकता है। उसके पश्चात 26 दिसंबर को नारनौल में आयोजित हुई विकास एवं निगरानी समिति की बैठक में सांसद ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को इस बारे ऐस्टिमेट देने के निर्देश दिए थे।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की तरफ से इस से बारे ऐस्टिमेट रिपोर्ट भेज दी गई है। 11 फरवरी को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक में सांसद ने इसके लिए 125 करोड़ रुपये की मांग रखकर इसके लिए बजट में प्रावधान करने का निवेदन किया है।

विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि इन सभी प्रमुख सड़कों के फोरलेन होने से ना सिर्फ समय बचेगा, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी कम होंगी। इसके अलावा लम्बी यात्रा से आने वाले शहर के लोगों को अपने घरों तक पहुंचने में समय कम लगेगा। वहीं बढ़ती दुर्घटनाओं में कमी आएगी। शहर को जाम से राहत भी मिलेगी। वहीं प्रदूषण भी कम होगा तथा तेल की भी बचत होगी।


PUBLIC WORKS DEPARTMENT, HARYANA
(Building and Roads Branch)

महेंद्रगढ़। सांसद के निर्देश के बाद भेजा गई ऐस्टिमेट रिपोर्ट। *फोटो : हरिभूमि*

### इन प्रमुख प्रवेश सड़कों को फोरलेन करने का भेजा गया है एस्टीमेट

**रेवाड़ी-नारनौल-सिंघाना**

सड़क आईडी - 2547
रेवाड़ी रोड पर 152 पुलिया से लेकर छलक नाले एवं महावीर चौक के पास बिजली विभाग के दफ्तर से लेकर खालडा धाम होते हुए सिंघाना बाईपास एनएच 11
लम्बाई लगभग - 11.50 किलोमीटर
अनुमानित लागत - 73.38 करोड़

**महेन्द्रगढ़-कनीना**

सड़क आईडी - 8414,
सीगड़ी अड्डे से लेकर रिवासा फ्लाईओवर
वर्तमान चौड़ाई - 10 मीटर है
कुल लंबाई-लगभग - 4 किलोमीटर

**महेन्द्रगढ़- सतनाली**

रोड आईडी 8390, महाराणा प्रताप चौक (सतनाली चौक) से लेकर आरपीएस स्कूल तक
वर्तमान चौड़ाई - 7 मीटर है
कुल लम्बाई - लगभग 4 किलोमीटर
दोनों ही प्रमुख मार्गों को फोरलेन करने का ऐस्टिमेट - 42.91 करोड़

**नारनौल - निजामपुर**

सड़क आईडी - 2620
निजामपुर मोड से बाईपास फ्लाईओवर तक
वर्तमान चौड़ाई - 10 मीटर
कुल लम्बाई - लगभग 2.70 किलोमीटर
लागत - 16.51 करोड़

## परीक्षाओं को लेकर डीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

# पहले दिन नकल रहित 12वीं की परीक्षा, आज होंगे 10वीं के पेपर



**उपायुक्त ने बताया कि विद्यार्थी बिना तनाव व ईमानदारी से परीक्षा दें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

कक्षा की परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गई। पहले दिन में जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण व नकल रहित सम्पन्न हुई। वहीं वीरवार से 10वीं कक्षा की परीक्षाएं आरंभ होगी। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर प्रशासन ने पुख्ता प्रबंध किए है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि परीक्षाओं की सुचिता को बनाए रखना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। जिला प्रशासन नकल रहित परीक्षा करवाने को प्रतिबद्ध है। बाहरी व अंदर की गतिविधियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। अगर किसी भी स्तर पर कोई गड़बड़ी होती है, तो अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। डीसी ने लघु सचिवालय के मीटिंग हॉल में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से होने वाली परीक्षाओं को लेकर स्कॉयर्ड फ्लाइंग व केंद्र अधीक्षकों तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक की। इसके बाद उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक के साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री इस मामले को लेकर बहुत सख्त हैं। ऐसे में सभी अधिकारी चौकस और चौकन्ने रहे। उपायुक्त ने बताया कि जिले में सुचारू परीक्षा संचालन के लिए कुल 52 केंद्र स्थापित किए गए हैं। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट व उड़नदस्तों को केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए, ताकि परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने बताया कि जिले में बोर्ड की कुल छह स्क्वैड फ्लाइंग बनाई गई है। इसके अलावा एक एक फ्लाइंग एडीसी, डीएमसी तथा सीटीएम की भी रहेगी। इस प्रकार कुल नौ स्क्वैड फ्लाइंग है। उन्होंने जिले के छात्रों से भी अपील की है कि वे बिना किसी तनाव के और ईमानदारी से अपनी परीक्षा दें। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त तरुण पावरिया, नगराधीश डॉ. मंगल सेन, जिला शिक्षा अधिकारी विश्वेश्वर कौशिक के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।





नारनौल। परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करते डीसी कैप्टन मनोज कुमार व एसपी पूजा वशिष्ठ तथा परीक्षा केंद्र पर तैनात पुलिसकर्मी। *फोटो : हरिभूमि*

### परीक्षा केंद्र पर पुलिसबल रहा तैनात

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गई हैं। परीक्षा केंद्रों पर नकल रोकने और शांतिपूर्ण परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन की ओर से कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। महेंद्रगढ़ के बीडीपीओ ब्लॉक के पास स्थिति पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सेंटर सुपरिटेंडेंट युधिष्ठिर ने बताया कि केंद्र पर आज कुल दो सौ बारह परीक्षार्थी अंग्रेजी विषय की परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा दोपहर 12.30 पर शुरू होकर शाम 3.30 तक चलेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा को नकल रहित और सुचारू रूप से करवाना उनकी जिम्मेदारी है और इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। केंद्र के सभी कमरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे परीक्षा की पूरी निगरानी की जा सके। उन्होंने बताया कि परीक्षा संचालन के लिए एक सुपरिटेंडेंट, दो डिप्टी सुपरिटेंडेंट, नौ सुपरवाइजर स्टाफ और एक क्लर्क की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा बोर्ड और प्रशासन की ओर से चेयरमैन फ्लाइंग, सेक्रेटरी फ्लाइंग, एसडीएम और अन्य अधिकारियों की फ्लाइंग टीमें भी सक्रिय हैं, जो परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रही हैं। वहीं शहर थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर महेंद्रगढ़ शहर में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

### कनीना में नौ केंद्रों पर दी परीक्षा

**कनीना।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से संचालित बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गई। सब डिवीजन में कुल नौ परीक्षा केंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बवानिया, सेहलंग, पोता, खेड़ी तलवाना, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना मंडी, ककराला, दौंगड़ा अहीर, बेवल व भोजावास बनाए गए हैं। बुधवार को दोपहर साढ़े 12 बजे से साढ़े तीन बजे तक 12वीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा शांतिपूर्वक चली। एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि परीक्षाओं के नकल रहित व शांतिपूर्वक संचालन के लिए बोर्ड की ओर से प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के नजदीक बीएनएस की धारा 163 लगाई गई है।

### सुरक्षा रेखा में हुई बोर्ड परीक्षा

**मंडी अटेली।** प्रशासन ने नकल रहित परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा केंद्रों के चारों ओर 200 मीटर की परिधि में बाहरी लोगों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया। केंद्रों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा और व्यापक बैरिकेडिंग की गई। जिससे अनधिकृत व्यक्तियों को अंदर प्रवेश नहीं मिल सका। प्रशासनिक सख्ती का परिणाम रहा कि कहीं से भी नकल की कोई सूचना सामने नहीं आई।

## लोक कला विरासत उत्सव तीसरे दिन भी रहा जारी


महेंद्रगढ़। लोक कला उत्सव में लोक नृत्य की टीम प्रस्तुति देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेन्द्रगढ़

कहीं पीहू नृत्य, कहीं झूमर, कहीं डांडिया तो कहीं लूर नृत्य की धमक ने लोक कला विरासत उत्सव के तीसरे दिन अपने पारम्परिक नृत्यों की बेहतरीन प्रस्तुति से लुप्त हो रही लोक कला को जीवित रखने का भरसक प्रयास किया। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज व यदुवंशी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूंसस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय लोक विरासत कला उत्सव पर केन्द्रीय विश्वविद्यालय जाट पाली के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने बुधवार को कार्यक्रम का आगाज मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने की। उत्सव के समन्वयक अनिल कौशिक व उपनिदेशक मुकेश उपाध्याय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कुलपति टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में सांस्कृतिक गतिविधियां आपके व्यक्तित्व विकास में बहुत बड़ी भूमिका अदा करती है। उन्होंने कहा कि आज मिनी भारत के रूप में देश के विभिन्न राज्यों से आए लोक कलाकारों ने संदेश दिया कि भाषा, धर्म, जाति व सम्प्रदाय से ऊपर उठकर सर्वप्रथम अखण्ड भारत के लिए हमें सार्थक प्रयास करने चाहिए। उन्होंने राव बहादुर सिंह व अनिल कौशिक का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से मरूभूमि के विद्यार्थियों को पूरी सबलता मिलती है।

**लोक नृत्य की सुंदर प्रस्तुति**

लोक कला विरासत उत्सव के तीसरे दिन सर्वप्रथम उत्तराखंड की टीम ने वहां के पारम्परिक लोक नृत्य की सुंदर प्रस्तुति से उपस्थित छात्र-छात्राओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं दूसरी ओर हरियाणा प्रदेश की राष्ट्रपति अवार्डी लावनिया फाउंडेशन, रेवाड़ी की टीम ने लूर व बधाई नृत्य पर माहौल को गुंजायमान कर दिया। इसी के साथ उत्तरप्रदेश के विशेष लोक लठ्ठ नृत्य की हैरतअंगेज की कोरियोग्राफी ने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। मध्यप्रदेश की लोक कलाकारों की टीम ने छाहू नृत्य का सुंदर प्रदर्शन किया।

## बंद हो जा दीवाना रे रामजी के चरणों में...

- कालीचरण कृषि फार्म में सुंदरकांड का पाठ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में निजामपुर रोड पर कालीचरण कृषि फार्म में सुंदरकांड का पाठ किया गया। जिसके मुख्य यजमान विनय चौधरी रहे। आचार्य अश्वनी शर्मा ने बाबा की ज्योत प्रज्ज्वलित करवाकर हनुमान चालीसा, गणेश वंदना व रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया। प्रशांत सैनीने रंग बिरंगे फूलों से बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल ने की। इस अवसर गौरीशंकर शर्मा, विजय हल्दिया, महावीर प्रसाद अग्रवाल, प्रशांत सैनी, संजय अग्रवाल, रामानंद शर्मा, श्यामलाल सैनी, नवीन जैन, चिंटू गुप्ता, राकेश गुप्ता, शिवशंकर अग्रवाल, काशीराम सैनी ने सुंदरकांड पाठ के दौहे व चौपाइयों का गायन किया।

इसके बाद भजनों का दौर शुरू हुआ, जिसमें रामानंद शर्मा ने आना पवन कुमार हमारे हरि कीर्तन में, महावीर प्रसाद अग्रवाल ने केसरी के लाल, गौरीशंकर शर्मा ने बंद हो जा दीवाना रे राम जी के चरणों में, राकेश गुप्ता ने लूट रहा लूट रहा है बाबा का खजाना लूट रहा, विजय हल्दिया ने बोलो राम बोलो राम बोलो आदि भजनों से भगवान की महिमा का गुणगान किया।


नारनौल। सुंदरकांड पाठ करते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

### नांगलकाठा में बाबा निहलाईनाथ की स्मृति में लगा मेला

**नारनौल।** गांव नांगलकाठा में बाबा निहलाईनाथ की पुण्य स्मृति में फाल्गुन नवमी को मेले का आयोजन किया गया। इससे पूर्व रात्रि को जागरण आयोजित किया गया। जिसमें सुरेंद्र एंड पार्टी गोद बलाहा ने रातभर भजनों से बाबा का गुणगान किया। उन्होंने भजनों की शुरूआत गणेश वंदना से की और गजानंद महाराज पधारो कीर्तन की तैयारी नामक सुंदर भजन सुनाया। इसके बाद बाबा निहलाईना से झोली भरवा ले भजन सुनाया, जिस पर श्रोतागण झूमने लगे। इस टीम ने नांगलकाठा वाला हमारा रखवाला व तेरी दया त जिंदगी कटरी मौज सै सहित अनेक भजन सुनाकर माहौल को भक्तिमय बनाए रखा। वहीं बुधवार प्रातःकाल को बाबा निहलाईनाथ के मंदिर में खीर, जलेबी प्रसाद के रूप में भंडारा तैयार किया गया। प्रातः पूजा अर्चना करने उपरांत श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।


नारनौल। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

## बिना दहेज की शादी कर पेश की अनूठी मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

समाज में व्याप्त दहेज जैसी कुप्रथा को जड़ से मिटाने के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में अन्वेषक के पद पर कार्यरत पवन यादव ने एक नई और प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। पवन यादव ने दहेज रहित विवाह रचाकर समाज को यह संदेश दिया है कि खुशहाल वैवाहिक जीवन का आधार धन दौलत नहीं, बल्कि आपसी सम्मान व संस्कार होते हैं। 20 फरवरी को पवन का विवाह सोनिया पुत्री सत्यवीर निवासी गांव सांतौर राजस्थान के साथ सादगीपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। पवन यादव, जो सरकारी स्तर पर समाज कल्याण की योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य करते हैं, उन्होंने अपने निजी जीवन में भी आदर्श स्थापित करते हुए बिना किसी लेन देन के सादगीपूर्ण तरीके से विवाह के बंधन में बंधने का निर्णय लिया। उनकी इस पहल ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे विभाग का गौरव बढ़ाया है। उनके इस साहसिक कदम की विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने जमकर सराहना की है। पवन यादव का मानना है कि यदि युवा पीढ़ी ठान ले तो समाज से दहेज जैसी बुराइयों को हमेशा के लिए खत्म किया जा सकता है। उनकी यह पहल आज के युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा बनकर उभरी है, जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है।


नारनौल। शादी की रस्म निभाते दूल्हा व दुल्हन। *फोटो : हरिभूमि*

## कांग्रेस शासन में नौकरियों में हुआ भेदभावः ओमप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव ने कांग्रेस शासनकाल के दौरान हुई भर्तियों में भेदभाव व भाई भतीजावाद का मुद्दा बुधवार को पूरी मजबूती के साथ उठाया। सदन को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता का भारी अभाव था और नौकरियां केवल राजनीतिक सिफारिशों व विशेष क्षेत्रों तक ही सीमित थी।

उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि उस समय अपनाई गई भेदभावपूर्ण नीतियों के कारण प्रदेश के हजारों प्रतिभावान व योग्य युवाओं के साथ सरासर अन्याय हुआ, जिससे युवाओं का सरकारी व्यवस्था से भरोसा उठ गया था।

विधायक ओमप्रकाश यादव ने वर्तमान सरकार की भर्ती प्रणाली की जमकर सराहना करते हुए कहा कि आज मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा में बिना पर्ची व बिना खर्ची के युवाओं को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने सदन में जोर देकर कहा कि वर्तमान सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और मेरिट आधारित बनाकर एक नया उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश का गरीब से गरीब और साधारण परिवार का शिक्षित युवा भी अपनी मेहनत के दम पर सरकारी पदों पर आसीन हो रहे है।

### प्रदेश सरकार का था वादा : पांच साल काम करने वाले एचकेआरएनएल को मिलेगी जॉब सिक्योरिटी

# जॉब सिक्योरिटी एक्ट में डीआईटीएस नहीं, विरोध में 3 घंटे काम छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जब विधानसभा चुनाव थे तो भाजपा पार्टी ने वायदा किया था कि सत्ता में आने पर पांच साल पूरा कर चुके एचकेआरएनएल कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी दी जाएगी। चुनाव भी जीता और जॉब सिक्योरिटी का वायदा पूरा करने के लिए एक पोर्टल भी लांच किया। इस पोर्टल में जब एचकेआरएनएल कर्मचारी आवेदन करते है तो डीआईटीएस यानि डिस्ट्रिक इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सोसायटी का नहीं दिखाई देता।

ना ही ऐसे कर्मचारी के पास ओटीपी आ रहे है। इसी विरोध में इन कर्मचारियों ने बुधवार सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक काम नहीं किया। सभी नेताजी सुभाषचंद्र बोस पार्क में एकत्रित हुए और भारतीय मजदूर संघ की अगुवाई में इन कर्मचारियों से जुड़ी हरियाणा कम्प्यूटर प्रोफैशनल्ज संघ ने विरोध प्रदर्शन किया। लघुसचिवालय में पहुंचकर उपायुक्त के डिप्टी सुपरीडेंट सुरेंद्र को मुख्यमंत्री और राजस्व वित्तायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा गया।


नारनौल। मांग पत्र सौंपते हुए कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

**यह है मांग**

- सभी जिलों में उपायुक्त महोदय के माध्यम से संचालित डीआईटीएस (डिस्ट्रिक इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सोसायटी) के अधीन कार्यरत कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा एक्ट–2024 में शामिल किया जाए।
- हरियाणा प्रदेश की सभी डीआईटीएस का केंद्रीकरण करते हुए बजट जारी किया जाए।
- डीआईटीएस में कार्यरत 2768 कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा के साथ-साथ अन्य लाभ दिए जाए।

**सौंपा ज्ञापन**

भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष आशीष गौरा व जिला मंत्री हरकेश ने बताया कि हरियाणा कम्प्यूटर प्रोफेशनल्ज संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ की ओर से मुख्यमंत्री और राजस्व वित्तायुक्त के नाम दिए ज्ञापन दिया गया है। इस ज्ञापन के माध्यम से सरकार को बताया गया है कि प्रदेश के सभी जिलों में डीआईटीएस (डिस्ट्रिक इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सोसायटी) के माध्यम से उपायुक्त कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, राजस्व विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय (तहसील व उपतहसील) व सरल केंद्रों के अंतर्गत विभिन्न पदों पर पिछले कई वर्षों से पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कर्मचारी कार्यरत हैं। वह सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं और आईटी सेवाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जबकि सेवा सुरक्षा एक्ट के अनुसार हरियाणा संविदा कर्मचारी (सेवा की सुरक्षा) एक्ट 2024 के अनुसार पैरा नम्बर 02 के क्रमांक (बी) उपयुक्त प्राधिकारी" से तात्पर्य ऐसे नियुक्ति प्राधिकारी से है, जिसे सरकार द्वारा सरकारी संगठन के लिए अधिसूचित किया जा सकता है, के निर्देशानुसार जिला अम्बाला, यमुनानगर, गुरुग्राम, पलवल, हिसार, भिवानी में सभी सेवा सुरक्षा एक्ट में शामिल करते हुए आदेश जारी किए गए थे तथा अन्य जिलों द्वारा भी प्रक्रिया जारी थी। लेकिन हरियाणा संविदा कर्मचारी (सेवा की सुरक्षा) के पोर्टल पर डाटा नहीं दिखा रहा तथा ना ही ओटीपी प्राप्त हो रहे हैं।